# मेरे श्याम तूने ये क्या कर दिया भजन लिरिक्स

मेरे श्याम तूने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा,
मेरे श्याम तुने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा।bd।

तर्ज – मेरे दोस्त किस्सा ये।

---

तूने लुटाया मैंने उड़ाया,
किरपा को तेरी समझ मैं ना पाया,
रिश्ता है क्या श्याम तेरा और मेरा,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा,
मेरे श्याम तुने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा।bd।

---

दु:ख की घडी में सब आंसू बहाते,
मेरी हर खुशी में ये थम नहीं पाते,
करूँ कैसे श्याम शुक्रिया मैं तेरा,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा,
मेरे श्याम तुने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा।bd।

---

नजर जो करी मुझपे सबपे ही करना,
धरती का कोई भी कोना बचे ना,
कहे हर कोई श्याम है बस मेरा,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा,
मेरे श्याम तुने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा।bd।

---

मेरी गलतियों को कभी भी ना गिनना,
चरण रज का हक ना कभी हमसे छीनना,
'निर्मल' मिटा दो ये जन्मों का फेरा,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा,
मेरे श्याम तुने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे श्याम तूने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा,
मेरे श्याम तुने ये क्या कर दिया,
बना तू मेरा ना बना मैं तेरा।bd।

गायक – संजय मित्तल जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com